**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 02.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए युवाओं से शारीरिक रूप से चुस्त, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर रहने का आह्वान किया।
2. 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करते हुए श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।
3. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से द्वीप समूह में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
4. ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों का आज आखिरी दिन। भारत 13 स्वर्ण सहित उनतालीस पदकों के साथ चौथे स्थान पर।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत के लिए नशा–मुक्त युवा संकल्प अभियान की नई दिल्ली में शुरुआत की। वर्चुअल माध्यम से उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना ज़रूरी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा–मुक्ति के लिए सौ हफ़्ते का 'जन–भागीदारी ' अभियान शुरु किया जाएगा और देशभर में हर रविवार को साप्ताहिक कार्यक्रम होंगे। श्री मोदी ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत लोगों को लक्ष्य से भटकाती है। और इससे देश की ताकत भी कमजोर होती है।

प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि सामाजिक बदनामी के डर से मादक पदार्थों के सेवन के मामले छिपाएं नहीं। श्री मोदी ने कहा कि परिवारों को शुरुआती चरण में ही चेतावनी के संकेतों की पहचान करके खुलकर बातचीत का माहौल बनाना चाहिए। कार्यक्रम में, 28 हज़ार जगहों से एक करोड़ से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, माय भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, युवा क्लबों, गैर– सरकारी संगठनों तथा आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिभागी भी शामिल हैं।

<><><><><><><>

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से द्वीप समूह में गर्भवती महिलाओं एवं बीमार नवजात शिशुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य निदेशालय के अनुसार, वर्ष 2025–26 के दौरान इस योजना के तहत कुल तीन हजार नौ सौ चौदह लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त किया। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की शुरुआत 1 जून, 2011 को गर्भवती महिलाओं और बीमार नवजात शिशुओं के माता–पिता पर प्रसव एवं उपचार के दौरान होने वाले आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सामान्य प्रसव एवं सीजेरियन ऑपरेशन सहित पूरी तरह निःशुल्क एवं कैशलेस सेवाएं प्रदान की जाती हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित प्रसव के लिए प्रोत्साहित करना है। विभाग ने गर्भवती महिलाओं से कहा है कि वे सुरक्षित मातृत्व एवं नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध इस निःशुल्क सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

ब्लॉक परियोजना कार्यालय, लिटिल अंडमान द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान और मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण

निगम के प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र, श्री विजयपुरम और समाज कल्याण निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। चार अगस्त को पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर के पुर जबकि पांच अगस्त को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हटबे में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान की जाएगी और उन्हें निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही अभिभावकों को चिकित्सा सुविधाओं, सहायक उपकरणों, यू डी आई डी पंजीकरण और पुनर्वास सेवाओं की जानकरी भी दी जाएगी।

<><><><><><><>

स्वामी चिन्मयानंद जी की महासमाधि दिवस का आयोजन कल चिन्मय मिशन के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर साढ़े तीन बजे गीता पाठ के साथ शुरू होगी, जिसके बाद शाम साढ़े पांच बजे रुद्राभिषेक होगा। रात 8 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्कॉटलैंड में, ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के अंतिम दिन आज जूडो में तीन भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। ट्रैक साइक्लिंग में, पुरुषों की एक हज़ार मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में रोनाल्डो लैतोंजाम हिस्सा लेंगे। मुक्केबाजी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत सात स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर रहा। महिला वर्ग में जैस्मीन लैंबोरिया, प्रीति पवार, प्रिया घंघास, साक्षी चौधरी और अरुंधती चौधरी ने स्वर्ण पदक हासिल किये। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने स्वर्ण जीता। भारत के जूडो खिलाड़ियों ने भी चार पदक जीतकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रमंडल खेलों में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन है। हर्ष सिंह और अस्मिता डे भारत के पहले जूडो स्वर्ण पदक विजेता बने। यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य जीता। पैरा–एथलीटों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल सात पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पदक–तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य के साथ कुल फिलहाल उनतालीस पदक के साथ चौथे स्थान पर है।

<><><><><><><>

चेन्नई मुख्यालय द्वारा दक्षिण भर्ती क्षेत्र के अधीन भारतीय सेना की ओर से चलाए जा रहे अभियान दिल्ली टू द्वीप 2.0 के तहत द्वीपसमूह में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026–27 के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार इस रैली में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों से प्रवेश पत्र www.joinindianarmy.nic.in से डाउनलोड करने को कहा गया है। यह भर्ती रैली 23 से 26 अगस्त तक नेताजी स्टेडियम में होगी।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराजद्वीप कल सुबह आठ बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह 5 बजे से 7 बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>